# कार्यालय कलेक्टर,
## जिला ई गवर्नेस (डी0ई0जी0एस),जिला नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष (कार्यालय):07781-252216 (फैक्स) 252215, Email id:- narayanpur.cg@gov.in,


क्रमांक /154/e-GOVERNANCE /2025 नारायणपुर,दिनांक 11 / 11/ 2025

::विज्ञापन::

आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाओं को सुदृढ करने हेतु अतिरिक्त आधार ऑपरेटरों की नियुक्ति किए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय चिप्स, स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन्स, रायपुर,छ0ग0 स्वीकृति प्राप्त की गयी है जिसके लिए मिशन मोड में छः माह की अवधि के लिए 10 आधार ऑपरेटरों की कलेक्टर दर पर नियुक्ति किया जाना है। ऑपरेटरों का मुख्य कार्य मिशन मोड पर आधार नामांकन, अद्यतन, बायोमेट्रिक डेटा कैप्चर, सत्यापन डेटा एण्ट्री किया जाना होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय चिप्स, स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन्स, रायपुर,छ0ग0 के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला नारायणपुर में 10 आधार ऑपरेटर पदो के लिए कलेक्टर दर पर रुचि अभिव्यक्ति दिनांक 24 नवम्बर 2025 समय 2.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**पदो का विवरण :-**

| कमांक | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आधार ऑपरेटर | 10 |

**वेतन का विवरण :- 25 सितम्बर/अक्टुबर 2025 के अनुसार**

| जोन का नाम | मूल वेतन | महगाई भत्ता | प्रति माह योग |
|---|---|---|---|
| स | 10010.00 | 2856.00 | 12866.00 |

**अनिवार्य शैक्षणिक/व्यवसायीक अहर्ता एवं चयन का आधार**

| क | पद का नाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | चयन का आधार |
|---|---|---|---|
| 01 | आधार ऑपरेटर | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षामण्डल से 12वी उत्तीर्ण<br>2. NSEIT प्रमाण पत्रधारी (Aadhar Operator Certified)<br>3. NSEIT प्रमाण पत्रधारी के साथ कम्प्युटर का अच्छा ज्ञान जिसमें एम.एस.ऑफिस एवं अंग्रेजी टायपिंग में कार्य करने की क्षमता | 1. NSEIT प्रमाण पत्रधारी (Aadhar Operator Certified) को प्राथमिकता एवं मेरिट सूची में शामिल किया जावेगा।<br>2. NSEIT प्रमाण पत्रधारी जिन अभ्यर्थीयों के पास उपलब्ध नही होगा, उन अभ्यर्थियों को प्रतिक्षा सूची में शामिल किया जावेगा |

Scanned with OKEN Scanner

भर्ती के संबंध में महत्वपूर्ण शर्ते एवं दिशा निर्देशः–

01. आवेदक जिले के वेबसाईट में उपलब्ध विज्ञापन प्रारुप अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।
02. जिला ई गवर्नेस डी.ई.जी.एस, कलेक्टर कार्यालय कक्ष कमांक 67, जिला नारायणपुर में निर्धारित दिनांक व समय में अभ्यर्थी द्वारा डाक या स्वयं उपस्थित होकर आवदेन पत्र जमा किया जाना अनिवार्य है।
03. अभ्यर्थी के सेवा अवधि मे पेंशन, मृत्युलाभ या शासन में प्रचलित (नियमित/संविदा) कर्मचारी पर लागू लाभ प्रदाय नहीं किया जायेगा।
04. प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थीयों के लिए लिखित/ NSEIT परीक्षा यु.आई.डी.ए.आई द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थीयों को किसी भी प्रकार यात्रा व्यय का भुगतान देय नही होगा।
05. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त कलेक्टर दर पर मानदेय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की सुविधा/भत्ता प्रदाय नही किया जावेगा।
06. अभ्यर्थी को जिला नारायणपुर का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाना है।
07. नियुक्ति छः माह के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार के आधार पर कार्य अवधि निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
08. सेवा के दौरान यदि किसी ऑपरेटर के कार्यक्षमता एवं आचरण/व्यवहार सही नही पाये जाने पर किसी भी समय बिना कारण बताये सेवा समाप्त किया जावेगा।
09. कार्य अवधि समाप्ति होने के बाद कार्य अवधि निरंतर रखे जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय चिप्स, स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन्स, रायपुर,छ0ग0 तथा जिला ई गवर्नेस नारायणपुर अध्यक्ष के द्वारा निर्णय लिया जावेगा।
10. अभ्यर्थी का उम्र 01 जनवरी 2025 को न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना आवश्यक है। उम्र की पूष्टि हेतु 10वी की अंकसुची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. आवदेन के साथ संलग्न समक्ष प्रमाण पत्र को स्वं प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।
12. अपूर्ण अस्पष्ट तथा त्रुटिपूर्ण आवदेन पत्र के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नही की जावेगी एवं ऐसे समस्त आवदेन अमान्य कर दिए जावेगे।
13. लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम/आवेदक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट रुप से लिखा जाना चाहिए।
14. प्राप्त आवदेनो में से पात्र एवं अपात्र पाये गये आवदेको की सूची जिले के वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा।
15. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति नारायणपुर का होगा।
16. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी वाद विवाद पर अंतिम निर्णय लिए जाने का अधिकार नियुक्तकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

Scanned with OKEN Scanner

चयन के संबंध में महत्वपूर्ण शर्ते एवं दिशा निर्देशः—

01. जिन अभ्यर्थीयों के पास NSEIT सर्टिफिकेट उपलब्ध नही होगा उन्हे प्रतिक्षा सूची मे रखकर परीक्षा दिए जाने हेतु अवसर प्रदाय किया जावेगा।

02. प्रतिक्षा सूची के अभ्यर्थीयों के लिए यु.आई.डी.ए.आई द्वारा आयोजित NSEIT परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है। परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के उपरांत ही चयन सूची मे शामिल किया जावेगा।

03. NSEIT परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत ही मेरिट सूची में अभ्यर्थी का नाम जोड़ा जावेगा एवं चयन किया जावेगा। चूँकि कुल 10 पदो पर चयन किया जाना है उक्त परीक्षा में जो अभ्यर्थीयों को चरण बद्व प्राथमिकता दी जावेगी।

कलेक्टर
जिला —नारायणपुर

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर,
# जिला ई गवर्नेस (डी0ई0जी0एस),जिला नारायणपुर (छ.ग.)

## आवेदन पत्र प्रारूप

रंगीन फोटो/स्वयं प्रमाणित

जिस कार्यालय के लिए आवेदन किया जा रहा है :–
उस कार्यालय का नाम ..........................................................................................
प्रति ,

कार्यालय कलेक्टर
जिला ई–गवर्नेस सोसाइटी
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

1. आवेदक / आवेदिका का पुरा नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
2. (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..........................................
3. पिता / पति का नाम (हिन्दी में ) :– ..........................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..........................................
4. लिंग ( पुरूष / महिला ) :– ..........................................
5. जन्मतिथि (अंको में) (01.01.2025 की स्थिति में :– वर्ष............माह..........दिन...
   ( शब्दो में ) :– ..........................................
6. जाति/वर्ग (अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.व./अनारक्षित :– ..........................................
7. **शैक्षणिक योग्यता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता से शुरू करें) :–**

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा/स्तर का नाम | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम | माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पुर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 10 वीं | | | | | | | |
| 2 | 12 वी | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | NSEIT प्रमाण पत्रधारी | | | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | | | |

8. क्या आप नारायणपुर के मूल निवासी है :– ..........................................
   (निवास प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रतिसंलग्न करें)
9. जिले का नाम :– ..........................................
10. स्थायी पता :– ..........................................
    ..........................................
    ..........................................

Scanned with OKEN Scanner

11. पत्र व्यवहार का पूरा पता :– ..........................................
..........................................
..........................................
..........................................

12. फोन / मोबाईल नम्बर :– ..........................................

13. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हॉ/नही) :– ..........................................

14. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– ..........................................

15. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हां तो। कितने वर्ष की (संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

16. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची :–

1. ..........................................................................................
2. ..........................................................................................
3. ..........................................................................................
4. ..........................................................................................
5. ..........................................................................................
6. ..........................................................................................
7. ..........................................................................................
8. ..........................................................................................

## // घोषणा पत्र //

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि, मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जिसमें किसी भी प्रकार से गलत/असत्य/मिच्या पाए जाने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कानूनी कार्यवाही भी की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में मेरे आवेदन निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार **कलेक्टर नारायणपुर** को होगा जो कि मुझे मान्य है।

दिनांक :– ....................................

स्थान :– ....................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.– ............................................

पता– ............................................

Scanned with OKEN Scanner